प्रेस नोटः-　　　　　　　　जनपद – रामपुर　　　　　　　　दिनांक- 01.10.2023

FB- Rampur Police　　　　　　　　Twitter- @rampurpolice

रक्तदान महादान

श्रीमान पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 1 अक्टूबर 2023 के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित रक्तदान शिविर का रीबन काटकर किया शुभारम्भ, रक्तदान करने वाले कर्मियों की सराहना कर उत्सावर्धन किया । तथा महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिला पुलिस कर्मियों के साथ की गयी गोष्ठी ।

आज दिनांक 01.10.2023 को रिजर्व पुलिस लाइन में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 1 अक्टूबर 2023 के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ श्रीमान पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री राजेश द्विवेदी द्वारा रीबन काटकर किया गया । तथा रक्तदान के महत्व को समझाते हुए पुलिस कर्मियों को रक्तदान करने के लिये प्रेरित किया , शिविर में रक्तदान करने वाले पुलिस अधि0/कर्म0 गणों के प्रशंसनीय दान की सराहना की ।

इसके उपरान्त श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में महिला सशक्तिकरण के मूल उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महिला पुलिस कर्मियों के साथ मीटिंग कर उन्हे प्रशिक्षण दिया गया । तथा बीट में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ।